राजस्थान वित्त निगम
उद्योग भवन, तिलक मार्ग,
जयपुर

क्रमांक: 13C19/20-C/472 दिनांक: 11/07/2019

## सीमित निविदा सूचना

राजस्थान वित्त निगम द्वारा निगम मुख्यालय के लिए फोटोस्टेट कार्य हेतु दरें प्राप्त की जानी है, जिसकी अनुमानित लागत 1.95 लाख वार्षिक है । उक्त सेवायें प्रदान करने वाले संवेदको/निविदादाताओं से दिनांक 19.07.19 अपरान्ह 3.30 p.m. आमंत्रित की जानी हैं । निविदा के सम्बन्ध में विवरण निम्नानुसार है :–

| निविदा सूचना सं | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाखों में) | अमानत राशी (रूपयों में) | निविदा प्रपत्र प्रस्तुत करने की तिथि व समय | निविदा खोलने की तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|---|
| सीमित निविदा सूचना/ 2019–20 | फोटोस्टेट | 1.95 लाख | रूपये 10,000/– | 19.07.19 (3.30 बजे अपरान्ह) | 19.07.19 (4.00 बजे अपरान्ह) |
| | | | बैक ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक द्वारा<br><br>के नाम से देय | | |

निविदा दस्तावेज प्रपत्र विभागीय वेबसाईट............................................एवम् ..............................
पोर्टल पर देखें एवम् डाउनलोड किये जा सकते हैं ।

RAJASTHAN FINANCIAL CORPORATION JAIPUR

उपमहाप्रबन्धक
राजस्थान वित्त निगम
मुख्यालय जयपुर

हस्ताक्षर निविदा प्रस्तुत करने वाली फर्म मय सील

मुख्यालय, राजस्थान वित्त निगम
उद्योग भवन, तिलक मार्ग, जयपुर
दुरभाष :

<u>फोटोस्टेट कार्य हेतु सीमित निविदा प्रपत्र</u>

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | कार्य की अनुमानित लागत | – | 1.95 लाख रूपये |
| 2. | अमानत राशि | – | 10,000/–रूपये |
| 3. | निविदा प्रपत्र प्रस्तुत करने की तिथि | – | 19.07.2019 समय 3.30 बजे अपरान्ह |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि | – | 19.07.2019 समय 4.00 बजे अपरान्ह |

5. निविदा प्रस्तुत करने वाली फर्म का नाम व डाक का पूरा पता :
...........................................................................................................
...........................................................................................................
...........................................................................................................

6. मैं/हम निविदा में वर्णित समस्त शर्तों का पालन करने के लिए सहमत है तथा उक्त निविदा सूचना की अन्य शर्तें जो सलग्न पृष्ठों में दी गई है जिसके समस्त पृष्ठों पर उनमें वर्णित शर्तों को हमारे द्वारा स्वीकार किये जाने के प्रतीकस्वरूप मैंने/हमने हस्ताक्षर कर दिये हैं का भी पालन करने के लिए मैं/हम सहमत हैं ।

7. उक्त निविदा के साथ संविदा की शर्तों के अनुसार अमानत राशी के रूप में रूपये 10,000/– (अक्षरे रूपये दस हजार मात्र) का डी.डी./बैंकर्स चैक सं.................................................. दिनांक .......................बैंक का नाम.................................उप महाप्रबन्धक, राजस्थान वित्त निगम, जयपुर के पक्ष में देय है, संलग्न है ।

8. मैं/हम फोटोस्टेट करने के लिए अपनी विभिन्न आईटम वार न्यूनतम दर संलग्न दर अनुसूची 'अ' में अंकित करते हैं ।

9. उक्त निविदा कार्य के अनुभव का दो वर्ष (2017–18, 2018–19)का प्रमाण पत्र/कुल दो कार्यादेश (प्रत्येक वर्ष के लिए एक)संलग्न करें जिसमें सरकारी/स्वायत्तशासी/प्रतिष्ठित संस्थान (सरकारी नियम अधिनियम के तहत पंजीकत) के कार्य का अनुभव है ।

RAJASTHAN FINANCIAL CORPORATION JAIPUR

हस्ताक्षर सीमित निविदा भरने वाली फर्म मय सील

उप महाप्रबन्धक
राजस्थान वित्त निगम
मुख्यालय,
जयपुर ।

विषयः फोटोस्टेट कार्य करने के बाबत् निविदा

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत आपके निगम में फोटोस्टेट कार्य करने हेतु अपनी दरें संलग्न सूची में प्रेषित कर रहे हैं । हम निविदा सूचना में वर्णित समस्त शर्तों से तथा संलग्न निविदा दस्तावेज शर्तों से बाध्य होना स्वीकार करते हैं तथा अनुबन्ध की सम्पूर्ण अवधि में इसका पालन करने के लिए बाध्य रहेंगे । इसके सभी पृष्ठों पर उनमें उल्लेखित शर्तों के स्वीकार किये जाने के प्रमाण में हमने अपने हस्ताक्षर कर दिये हैं ।

उक्त निविदा संविदा की शर्तों के अनुसार अमानत राशि के रूप में रूपये 10000/- का बैंक ड्राफ्ट/बैंकर चैक/नगद रसीद सं..............................दिनांक........................उप महाप्रबन्धक, राजस्थान वित्त निगम, मुख्यालय जयपुर के पक्ष में देय है, संलग्न है ।

RAJASTHAN FINANCIAL CORPORATION JAIPUR

हस्ताक्षर निविदा प्रस्तुत करने वाली फर्म मय सील

## कार्यालय राजस्थान वित्त निगम
## उद्योग भवन, तिलक मार्ग, जयपुर

### फोटोस्टेट कार्य हेतु बिड की शर्तें

नोट:

बिड दाताओं को इन शर्तों को सावधानीपूर्वक पढ़ना चाहिये तथा बिड दस्तावेज भेजते समय उसकी पूर्णरूपेण पालना करनी चहिये, इन शर्तों के प्रत्येक पृष्ठ हस्ताक्षरित होना आवश्यक है । इस बिड दस्तावेज/अनुबंध के क्रम में फोटोस्टेट कार्य के लिए इस पर राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम, 2012 एवम् राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम, 2013 के प्रावधान प्रभावी होंगे/रहेंगे ।

1. (1) फोटोस्टेट कार्य की दरें संलग्न अनुसूची 'अ' में आइटमवाइज प्रस्तुत करें ।

   (2) उक्त निविदा के कार्य के अनुभव का दो वर्ष का प्रमाण पत्र/कार्यादेश (प्रत्येक वर्ष के लिए एक)संलग्न करें जिसमें सरकारी/स्वायतशासी संस्थान/प्रतिष्ठित संस्थान (सरकारी नियम अधिनियम के अन्तर्गत पंजीकृत) संस्थान के कार्य का अनुभव है ।
   (3) बिड दाता उपरोक्त सेवा के लिए अधिकृत है ।
   (4) बिडदाता किसी भी उपापन संस्था एवम् राज्य सरकार द्वारा ब्लैकलिस्ट नहीं किया गया है ।

2. निगम मुख्यालय में फोटोस्टेट का कार्य निगम की आवश्यकतानुसार उच्च गुणवत्ता के साथ उसी समय उपलब्ध करवाना होगा

3. चूंकि निगम में फोटोस्टेट का अधिकांश कार्य ए–4 साईज पेपर पर होता है अतः ए–4 साईज पेपर की प्रस्तुत दर को न्यूनतम दर के निर्धारण में प्राथमिकता दी जायेगी ।

4. यह अनुबन्ध (इकरारनामा) अनुबन्ध सम्पादन की तिथि से 1 वर्ष की अवधि के लिए किया जाएगा । असंतोषजनक सेवा की स्थिति में अनुबन्ध रद्द किया जा सकता है ।

5. निगम द्वारा फोटोस्टेट कार्य हेतु टेण्डर की अनुमोदित दर के अनुसार भुगतान किया जायेगा तथा वह भुगतान प्रतिमाह के फोटोस्टेट कार्य करने के बिल प्रस्तुत करने उपरान्त किया जायेगा एवं बिल अगले माह की 07 तारीख तक प्रस्तुत करने होगें ।

RAJASTHAN FINANCIAL CORPORATION JAIPUR

हस्ताक्षर बिड लगाने वाली फर्म मय सील

6. निगम द्वारा फर्म को कागज/टोनर हेतु किसी भी प्रकार का कोई अग्रिम भुगतान नही किया जायेगा। उक्त व्यवस्था संबंधित फर्म को स्वयं के खर्चे पर करनी होगी।

7. सामान्यतः फोटोस्टेट कार्य हेतु प्रातः 9.30 से सांय 6 बजे तक का समय रहेगा, किन्तु अति–आवश्यक होने पर निर्धारित समय से पूर्व अथवा पश्चात् भी उक्त कार्य करना होगा।

8. फोटोस्टेट कार्य हेतु संबंधित फर्म को निगम के विभिन्न अनुभागो द्वारा निर्धारित प्रपत्र में अनुरोध पत्र दिया जायेगा तथा फोटोस्टेट कार्य करने के बाद संबंधित अनुभाग को फोटोस्टेट प्रतियां सम्भलवानी होगी तथा अनुरोध पत्र प्रतिमाह के बिल के साथ प्रमाण स्वरूप निगम को प्रस्तुत करने होगें।

9. फोटोस्टेट की राशि का अनुभागवार बिल संबंधित अनुभाग में प्रतिमाह प्रस्तुत करना होगा।

10. फोटोस्टेट कार्य हेतु 70 जीएसएम का पेपर एवं स्याही इस्तेमाल में लेनी होगी। फोटोस्टेट प्रतियां साफ न आने पर भुगतान में कटौती कर दी जावेगी व उस दिन फोटोस्टेट का कार्य जिस दर पर बाजार से करवाया जायेगा उस का भुगतान फर्म को वहन करना होगा।

11. यदि कभी किसी कारणवश फोटोस्टेट कार्य बाधित होता है तो 500 रूपये प्रतिदिन की Penalty फर्म पर आरोपित की जायेगी ।

12. आवश्यकता होने पर अवकाश दिवस को भी फोटोस्टेट कार्य आपसे कराया जा सकता है। इसकी आपको पूर्व में सूचना दे दी जायेगी।

13. फोटोस्टेट कार्य में किसी प्रकार की त्रुटि या सेवा संतोषजनक नही पाये जाने पर निगम द्वारा उक्त अनुबंध निरस्त किया जा सकता है।

14. फोटोस्टेट का कार्य निगम मुख्यालय में ही सम्पन्न होगा जिसमें निगम द्वारा स्थान तथा बिजली मुफ्त में उपलब्ध कराई जायेगी । इस स्थान पर निगम की फोटोस्टेट के अतिरिक्त अन्य किसी विभाग का फोटोस्टेट कार्य नही किया जावेगा अन्य किसी विभाग का कार्य करते पाये जाने पर आपकी अमानत राशि जब्त की जा सकती है ।

RAJASTHAN FINANCIAL CORPORATION JAIPUR

हस्ताक्षर बिड लगाने वाली फर्म मय सील

15. आप द्वारा फोटोस्टेट मशीन उच्च क्वालिटी की स्थापित करवानी होगी एवं फोटोस्टेट मशीन प्रत्येक कार्य दिवस में चालू रखनी होगी ।

16. फर्म फोटोस्टेट कार्य के दौरान अन्य सामान विनिर्दिष्ट स्थान तक लाने एवं ले जाने हेतु अतिरिक्त किराया भाड़ा नही होगा एवं उक्त व्यवस्था फर्म को अपने स्तर से ही करनी होगी ।

17. बिड प्रस्तुत करते समय बिड दाता को अमानत राशि के रूप में 10,000/– रूपये की राशि बैंकर्स चैक/डिमांड ड्राफ्ट उप महाप्रबन्धक, राजस्थान वित्त निगम, जयपुर के पक्ष में जमा करानी होगी ।

18. बिडदाता को कोई अग्रिम भुगतान नहीं किया जावेगा । कार्य के पूर्ण होने के उपरान्त ही बिडदाता द्वारा प्रस्तुत बिलों का भुगतान कार्य संतोषजनक होने एवं बिड शर्तों की पालना होने पर किया जावेगा ।

19. बिडदाता द्वारा फोटोस्टेट कार्य सम्पादन उपापन प्राधिकारी की संतुष्टि के अनुसार नही किये जाने पर विवाद की स्थिति में अन्तिम निर्णय प्रबन्ध निदेशक राजस्थान वित्त निगम द्वारा किया जायेगा जो कि दोनों पक्षों को मान्य होगा ।

20. अमानत राशि अनुबंध की अवधि समाप्ति पर अनुबंध के संतोषजनक रूप से निष्पादन होने की स्थिति में दो माह में वापस की जावेगी । इस राशि पर कोई ब्याज देय नहीं होगा । अनुबंध शर्तों के अनुसार संतोषजनक रूप से निष्पादित न होने की स्थिति में अमानत राशि पूर्ण रूपेण जब्त भी की जा सकती है ।

21. उपरोक्त के कार्य सम्पादन के दौरान सामान/कार्मिकों की आकस्मिक/प्राकृतिक आपदा में होने वाली क्षति के लिए विभाग की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी ।

22. अनुबन्धकर्ता फर्म को दिया गया कान्ट्रेक्ट वह किसी अन्य एजेन्सी अथवा फर्म को नहीं सौंप सकेगा अर्थात सबलेट नही कर सकेगा ।

23. अमानत राशि का समपहरण (जब्त किया जाना)

i. जब संविदा की शर्तो का उल्लंधन किया गया हो।
ii. जब बिडदाता संपूर्ण सेवाएं संतोषजनक ढंग से करने में असफल रहता हो।
iii. बिडदाता समय से पूर्व अनुबंध बिना किसी पूर्व सूचना के समाप्त करता हो।

FINANCIAL CORPORATION JAIPUR

हस्ताक्षर बिड लगाने वाली फर्म मय सील

24. कार्य असंतोषप्रद होने पर अनुबंध निरस्त करने का पूर्ण अधिकार विभाग को सुरक्षित रहेगा।

25. विभाग के पास बिड प्रक्रिया को रद्द करने और कोई या समस्त बिड को स्वीकार/अस्वीकृत करने का अधिकार होगा।

RAJASTHAN FINANCIAL CORPORATION JAIPUR

हस्ताक्षर बिड लगाने वाली फर्म मय सील

## बिडदाता द्वारा प्रस्तुत विवरण

| | | |
|---|---|---|
| 1. | फर्म/संस्था का नाम | :........................................................................ |
| 2. | संपर्क हेतु डाक का पूरा | :........................................................................<br>........................................................................<br>........................................................................ |
| 3 | दूरभाष | कार्यालय........................निवास........................ |
| 4. | ई–मेल | :........................................................................<br>........................................................................ |
| 5. | कार्य के लिए सम्पर्क हेतु अधिकृत व्यक्ति का नाम एवं फोन नम्बर मय ई–मेल आईडी | ........................................................................<br>निवास..............................मोबाइल................. |
| 6. | (अ) बिड प्रपत्र पर हस्ताक्षर करने वाले व्यक्ति का नाम व पता | ........................................................................ |
| | (ब) किसी हैसियत से (यथा मालिक/ अधीकृत ठेकेदार/मैनेजर/सचिव) के हस्ताक्षर किए | ........................................................................<br>........................................................................ |
| 7. | अनुभव (साक्ष्य प्रस्तुत करें) | ........................................................................ |

उपर्युक्त जानकारियां सही व तथ्यों पर आधारित है । यदि बिड/अनुबंध के दौरान प्रस्तुत सूचना में कोई विसंगतियां प्रमाणित हो तो बिड/अनुबंध निरस्त करने पर हमें कोई आपत्ति नहीं होगी ।

RAJASTHAN FINANCIAL CORPORATION JAIPUR

हस्ताक्षर बिड लगाने वाली फर्म मय सील

अनुसूची 'अ'

फोटोस्टेट कार्य करने के लिए हमारी दरों का प्रस्ताव निम्नानुसार है:–

| क्रम सं. | विवरण | प्रस्तुत दर |
|---|---|---|
| 1 | A-4 साईज पेपर–सिंगल साईड | |
| 2 | A-4 साईज पेपर–डबल साईड | |
| 3 | A-3 साईज पेपर–सिंगल साईड | |
| 4 | A-3 साईज पेपर–डबल साईड | |
| 5 | FS साईज पेपर–सिंगल साईड | |
| 6 | FS साईज पेपर–डबल साईड | |

RAJASTHAN FINANCIAL CORPORATION
JAIPUR